## पिकअप पलटने से दो मजदूरों की मौत



**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र में क्षमता से अधिक सीमेंट लेकर जा रही एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पिकअप सवार दो मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि चालक सहित तीन अन्य लोगों को गंभीर चोट आई है। यह घटना जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के चौकड़िया मार्ग की है।

घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जैतपुर से सीमेंट लोडकर खामीडोल की लिए निकला एक पिकअप जैसे ही चकौड़िया गांव पहुंचा, तभी सड़क में अचानक एक बैल आ गया। बैल को बचाने के चक्कर में पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे पिकअप सवार मजदूर राम प्रसाद उर्फ लल्ला कोल व उसके साथी भूरा कोल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पिकअप चालक सहित तीन अन्य को गंभीर चोटे आई, जिन्हें आनन फानन उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। मामले की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची जैतपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज आगे की वैधानिक की।

## चना, मसूर और सरसों बेचने के लिए पंजीयन दस तक

**शहडोल, देशबन्धु।** चना, मसूर और सरसों फसल की खेती करने वाले किसान अपनी फसल बेचने के लिए 10 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं।

उप संचालक कृषि आर.पी. झारिया ने एक जानकारी में बताया कि शहडोल जिले में चना, मसूर एवं सरसो फसल की खेती करने वाले कृषक औसत अच्छी गुणवत्ता के चना, मसूर एवं राई सरसो का समर्थन मूल्य क्रमशः 5650 रुपए प्रति क्विंटल, 6700 रूपए प्रति क्विंटल तथा 5950 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। समर्थन मूल्य पर उपजे विक्रय करने हेतु कृषक 10 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीयन ग्राम पंचायत/जनपद पंचायत/तहसील स्तर/सहकारी समितियां/सहकारी विपणन संस्थाओं के सुविधा केन्द्र एम.पी. किसान एप, एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र तथा निजी व्यक्ति्त द्वारा संचालित साइबर कैफे के द्वारा कराया जा सकता है। उपसंचालक श्री झरिया ने बताया कि उपार्जन का कार्य 25 मार्च से 31 मई तक प्रस्तावित है।

## जन्मदिन मनाने जा रहे दोस्तों में एक की मौत

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

**शहडोल, देशबन्धु।** बाइक में सवार होकर तीन दोस्त शहडोल की ओर आ रहे थे। इनमें से एक दोस्त का जन्मदिन था और वह उसे जोरदार तरीके से मनाने की तैयारी में थे। लेकिन नियति को यह मंजूर नहीं था। तीनों दोस्त जैसे ही शहडोल के करीब पहुंचे एक तेज गति से भाग रही कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिससे एक दोस्त की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से एक को बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। मृतक आठवीं का छात्र था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोहपारू थाना क्षेत्र के दियापीपर के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक में सवार एक किशोर प्रिंस जायसवाल उम्र 13 वर्ष, सूरज सिंह उम्र 14 वर्ष एवं शिवम सिंह उम्र 14 वर्ष बाइक में सवार होकर गोहपारू से शहडोल की ओर आ रहे थे।

इसी दौरान दियापीपर के पास शहडोल से गोहपारू की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार तीनों किशोरों को गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को जिला अस्पतला लगाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद प्रिंस जायसवाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं सूरज सिंह और शिवम की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद एक को बिलासपुर रेफर कर दिया।

गोहपारू थाना प्रभारी ने बताया कि घटना बीती शाम करीब 7 बजे की है। बाइक सवार तीन किशोर में एक की मौत हो गई दो की हालत नाजुक बताई जा रही है।

प्रिंस जायसवाल सोहागपुर थाना क्षेत्र के कोनी का रहने वाला था। छात्र अपने दो दोस्तों के साथ कोनी बर्थडे पार्टी में शामिल होने आ रहा था। तभी यह हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक प्रिंस अपने दोस्तों को लेने जैतपुर की ओर गया हुआ था और लौटते वक्त यह घटना घटी है। पुलिस ने बताया कि कोनी में एक बर्थडे पार्टी में यह तीनों दोस्त शामिल होने जा रहे थे। मृतक प्रिंस जायसवाल आठवीं का छात्र है, शुक्रवार को उसका तीसरा पेपर होना था, लेकिन अब वह इस दुनिया में नहीं है। हादसे के बाद परिवार सदमे में है।

### सार-समाचार

## संजय दुबरी टाइगर रिजर्व सीधी में पक्षी गणना जारी

**मझौली, देशबन्धु।** संजय दुबरी टाईगर रिजर्व में तृतीय संस्करण दो दिवसीय पंछी गणना का कार्य आज 28 फरवरी से चालू किया गया है। जिसको लेकर विगत 27 फरवरी 2025 को परिक्षेत्र दुबरी अन्तर्गत बडकाडोल इन्फारमेशन सेन्टर मे उद्घाटन समारोह धौहनी विधायक कुवर सिंह टेकाम के मुख्य अतिथि तथा मण्डल अध्यक्ष मझौली प्रवीण तिवारी विशेष उपस्थित में क्षेत्र संचालक सं.टा.रि. अमित कुमार दुबे एवं जिला वाईल्ड लाईफ वॉर्डन डॉ. कैलाश तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया।

संजय टाइगर रिजर्व दुबरी के वन परिक्षेत्र अधिकारी आकाश परोहा द्वारा प्रेस रिपोर्ट जारी कर जानकारी देते हुए बताया गया कि पक्षी गणना का आयोजन सजय दुबरी टाईगर रिजर्व एवं बाईल्ड लाईफ एण्ड नेचर कंन्जरवेन्सी (ह्लत्नह्न) के तत्वाधान में किया जा रहा है, जिसके तहत संजय टाईगर रिजर्व, सोनघाडियाल अभ्यारण्य एवं बगदरा अभ्यारण्य की सभी परिक्षेत्र में पक्षी गणना की जावेगी।

जहां देश के विभिन्न 9 प्रदेशो से आये जिसमें मध्य प्रदेश के 14, महाराष्ट्र के 15, तेलंगाना के 5, छत्तीसगढ़ के 8, नई दिल्ली के 4, पश्चिम बंगाल के 5, उत्तर प्रदेश के 4, गुजरात के 9, तथा राजस्थान के 4 कुल 70 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है जो कि टाईगर रिजर्व के स्टाफ के साथ मिलकर 28 फरवरी से 1 मार्च 2025 तक पक्षी गणना करेंगे। यह टाईगर रिजर्व की पक्षी गणना का तृतीय संस्करण है जिसमें प्रतिभागियों द्वारा जंगल में मौजूद विभिन्न कैम्प एवं वन चौकियों में रहकर पक्षी गणना के कार्य को सम्पादित किया जायेगा।

## एनसीएल की ब्लॉक-बी परियोजना का पर्यावरण संरक्षण जागरुकता कार्यक्रम




**सिंगरौली, देशबन्धु।** शुक्रवार को एनसीएल की ब्लॉक-बी परियोजना एवं मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरबी में आयोजित हुआ। इस दौरान क्षेत्रीय अधिकारी, मध्य प्रदेश प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड, सिंगरौली, श्री संजीव मेहरा, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में उपस्थित विद्यार्थियों को प्रदूषण के हानिकारक दुष्प्रभावों के बारे में एवं पर्यावरण संरक्षण की महत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त उन्होंने उपस्थित सभी से अपने आस-पास के क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रति स्थानीय लोगों में जागरूकता फैलाने हेतु आह्वान भी किया।

पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण विषय पर 27 एवं 28 फरवरी, 2025 को आयोजित क्विज, पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी, ब्लॉक-बी, श्री एस के कुंडू, स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) मोहम्मद फहद, नोडल अधिकारी (पर्यावरण) श्री वरुण सानवाल तथा विद्यालय से प्राचार्य, अध्यापकगण एवं अन्य उपस्थित रहे।

## ई-गिरदावरी एवं किसान सत्यापन के संबंध में निर्देश

**पन्ना, देशबन्धु।** अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र ने समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को रबी विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत बोई गई फसलों की ई-गिरदावरी एवं पंजीकृत किसानों के सत्यापन की कार्यवाही के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। वर्तमान में जिले में तहसीलवार ई-गिरदावरी एवं सत्यापन प्रगति अत्यंत कम है। अब तक मात्र 61 प्रतिशत गिरदावरी कार्य पूर्ण होने पर अधीनस्थ स्टॉफ के माध्यम से बोए गए रकबे का सावधानीपूर्वक ई-गिरदावरी कार्य अविलंब पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पंजीकृत रकबे का मौके में निरीक्षण एवं सत्यापन कर ई-उपार्जन पोर्टल में पंजीकृत रकबे के विरूद्ध सत्यापन के दौरान पाए गए रकबे की सही एंट्री कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

## तेज रफ्तार बस ने किशोर को कुचला, मौत

**मझौली, देशबन्धु।** घटना सीधी जिले के मझौली थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद मझौली की जहां आज 28 फरवरी की सुबह बस की तेज रफ्तार ने बूढ़े दादा-दादी व विधवा मां का इकलौता सहारा रहे 17 वर्षीय बालक को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना ने ना केवल वृद्ध दादा-दादी, विधवा मां, जात-बिरादरी का बल्कि इस परिवार से परिचित हर एक व्यक्ति समुदाय का दिल दहला दिया।

जहां परिवार जनों का रो-रोकर बुला हाल है, वही क्षेत्र में मातम छाया हुआ है। बता दें कि मृतक संतोष गुप्ता पिता रामगोपाल गुप्ता उम्र 17 वर्ष निवासी नगर परिषद मझौली वार्ड क्रमांक दो आईटीआई प्रथम वर्ष का छात्र था। आज 28 फरवरी को रोजाना की तरह सुबह 5.30 बजे अपने बड़े पापा के लड़के के रजनीश गुप्ता के साथ टहलने निकला था, जैसे ही सिविल न्यायालय मझौली के पास समय लगभग 5.40 पर पहुंचा, पीछे तरफ से आ रही गहरवार बस जो सीधी से चलकर बायां मड़वास होते हुए जबलपुर जाती है जिसका नंबर एमपी 54 जेड ए 4614 बताया जा रहा है रोड में बने बिना सिग्नल स्पीड ब्रेकर से अनियंत्रित होकर जोरदार ठोकर मार दी जिससे सर के पीछे तरफ चोट लगने से मृतक रोड पर गिर गया। साथ में रहे भाई द्वारा उठाने का प्रयास किया गया लेकिन संतोष ना तो बोल सका ना ही उठ सका उसने परिजनों को सूचना दिया और उनकी मदद से मृतक को उठाकर मझौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जिसे डॉक्टर ने देख मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंच मझौली पुलिस ने पंचनामा तैयार शव को पीएम के लिए भिजवाया गया। तथा परिजनों द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई मृतक के साथ में रहे उसके बड़े भाई का लड़का रजनीश गुप्ता पिता गया प्रसाद गुप्ता के लिखी गई रिपोर्ट पर मझौली थाने में अपराध क्रमांक 190/2025 भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) की धारा 106(1) तहत बस क्रमांक एमपी 54 जेड ए 4614 चालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर जांच विवेचना चालू की गई है।

मृतक संतोष जब डेढ़ वर्ष का था तभी जगदीश गुप्ता के इकलौते पुत्र मृतक पिता राम गोपाल गुप्ता की मृत्यु गंभीर बीमारी के कारण हो गई थी। संतोष के पिता की मृत्यु के बाद उसके दादा-दादी उनका तथा उनकी विधवा मां का सहारा बने तथा 16 वर्ष तक अपने इकलौते सहारा संतोष मृतक पुत्र के पुत्र संतोष पर आशाएं की निगाहें टिकाए परिवरिश करते रहे जो आज सड़क दुर्घटना में बूढ़े दादा-दादी एवं विधवा मां के आंखों के सामने विलीन हो गया। मृतक संतोष अपने पिता रामगोपाल का इकलौता पुत्र था जो आईटीआई प्रथम वर्ष का छात्र था।

सड़क दुर्घटना में हुई बालक के मृत पर आक्रोशित लोगों ने पीएम उपरांत शव को सड़क पर रख विरोध प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम कर दिया जिसकी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मझौली दीपक सिंह बघेल पुलिस दल बल के साथ पहुंच लोगों को कढी कार्यवाही का आश्वाशन दे वृद्ध दादा दादी एवं विधवा मां के आर्थिक मदद के मांग पर उनकी मांगों को जिम्मेदारों तक पहुंचने को कहते हुए समझा बुझा कर जाम खुलवाया।

## हिंदी के शिक्षकों के लिए चल रहा आवासीय ब्रिज कोर्स प्रशिक्षण



**शहडोल, देशबन्धु।** शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए हिन्दी विषय में कक्षा नवमीं पढ़ाने वाले विषय शिक्षकों का संभाग स्तरीय तीन दिवसीय आवासीय ब्रिजकोर्स प्रशिक्षण शासकीय दिव्यांग छात्रावास(बालक) शहडोल में चल रहा है। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग शहडोल उमेश कुमार धुर्वे के निर्देशन एवं अरुण कुमार सिंह कुशराम संभागीय व्यावसायिक समन्वयक प्रशिक्षण प्रभारी के मार्गदर्शन में 27 फरवरी से प्रारंभ हुआ यह प्रशिक्षण 1 मार्च तक जारी रहेगा।

इस संभाग स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण में जिला अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया के 159 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रहे हैं। प्रशिक्षण पांच कक्षों में व्यवस्थित रूप से संचालित है। संभाग के अंतर्गत आने वाले तीनों जिले अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया के मास्टर ट्रेनर भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त कर संभाग स्तर पर प्रशिक्षण दे रहे हैं। संभाग स्तरीय मास्टर ट्रेनर जिनमें अनूपपुर जिले से डॉ. नरेन्द्र पटेल, डा. अंजली सिंह, शहडोल जिले से कमलेश कुमार मिश्रा, संतोष कुमार गुप्ता तथा उमरिया जिले से शैलेंद्र कुमार कनौजिया के अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण देने हेतु उमेश कुमार पटेल, सुखचैन मराठा एवं प्रियंका तिवारी को मास्टर ट्रेनर का दायित्व सौंपा गया है। प्रशिक्षण का समय प्रातः 9-30 से सायं 5 बजे तक निर्धारित किया गया है।

## स्वैच्छिक संगठनों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर रही जन अभियान परिषद : मनीषा सिंह

**शहडोल, देशबन्धु।** जन अभियान परिषद के समृद्धि योजनान्तर्गत जिले के स्वैच्छिक संगठनों का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज जिला पंचायत सभागार शहडोल में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा की स्वैच्छिक संगठन सामाजिक सरोकार के विभिन्न मुद्दों पर शासन व समाज के साथ मिलकर निरंतर कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि कम संसाधनों व कम समय में ज्यादा से ज्यादा उपलब्धि उनके कार्यों में रहती है। विधायक श्रीमती सिंह ने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद शहडोल द्वारा आयोजित प्रशिक्षण उनके कार्यों में प्रमाणिकता, पारदर्शिता के साथ उनकी गुणवत्ता वृद्धि में निश्चित ही सहायक होगा। उन्होंने कहा कि जन अभियान ऐसे सभी स्वैच्छिक संगठनों को मोती की भांति एकसूत्र माला में पिरोने का कार्य कर रही है जो की निश्चित ही शासन व समाज के मंशानुरूप है। प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह और जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी



**उमरिया, देशबन्धु।** मानपुर विधानसभा मुख्यालय स्थित विश्व विख्यात बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व नेशनल पार्क अंतर्गत मानपुर बफर जोन के दरैया नाला में अवैध तरीके से रेत निकासी कर रहे एक ट्रैक्टर ट्रॉली को मानपुर रेंजर ने जब्त किया। मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि मानपुर बफर अंतर्गत मानपुर बीट के कक्ष क्रमांक पीएफ 348 में ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से क्षेत्र के कुछ अपराधी प्रवृत्ति के अवैध रेत कारोबारियों द्वारा अवैध तरीके से रेत निकासी की जा रही है। खबर लगते ही देर रात करीब 11 बजे मानपुर बफर टीम एक्टिव हुई और रास्ता बदल कर अचानक मौके पर पहुंच गई।

बताया जाता है कि अवैध रेत निकासी के दौरान अपराधी प्रवृत्ति के ट्रैक्टर मालिकों द्वारा जगह-जगह तिराहे चौराहों पर भाड़े के लोगों को बैठाया गया था। उनके द्वारा रेंजर के निकलने की खबर तत्काल माफियाओं तक पहुंचा दी गई। वहीं, रेंजर के आने की खबर सुन अवैध रेत कारोबारियों में भगदड़ मच गई। देखते ही देखते रेंजर भी मौके पर पहुंच गए, जहां देखा की जंगल सीमा क्षेत्र के अंदर नाले में एक ट्रैक्टर ट्रॉली रेत लोड किए खड़ा हुआ है, जिसे कब्जे में लेने की कोशिश की गई। तभी अंधेले में छिपे माफिया द्वारा रेंजर से पंगा लेने की कोशिश करते हुए पत्थरों का सहारा लिया गया। वहीं शातिर दिमाग के रेंजर तत्काल हरकत में आए और अपराधी प्रवृत्ति के अवैध रेत कारोबारियों की गंदी भावनाओं को भांपते हुए उन्हे सामने आने की दहाड़ लगाई। वहीं, रेंजर की ललकार सुन माफिया दहशत में आ गए और अधेले में ही दौड़ लगा कर मौके से भाग खड़े हुए। बाद पश्चात रेंजर की टीम ने ट्रैक्टर को जब्त कर रेंज कार्यालय में खड़ा कराया, जिस पर भारतीय वन अधिनियम के तहत कार्रवाई कर प्रकरण क्रमांक 10685/1 के तहत कार्रवाई की गई है।

बताया जाता है कि जब्त ट्रैक्टर पावर ट्रैक 434 डीएस नीले रंग का है, जिसे जब्त कर परिक्षेत्र कार्यालय में खड़ा किया गया है। सूत्रों से जानकारी यह भी लग रही है की रेंजर द्वारा आधी रात जंगल सीमा क्षेत्र से पकड़ा गया ट्रैक्टर ट्रॉली वाहन मानपुर के किसी अपराधी प्रवृत्ति के अनपढ़ पत्रकार का बताया जा रहा है जो पत्रकारिता की आड़ में धौंस दिखाते हुए अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहना उसका मूल पेशा है। वहीं, वनपरिक्षेत्र अधिकारी मानपुर मुकेश कुमार अहिरवार बताया कि माफिया के बीच आधी रात पहुंच कर कार्रवाई करने में दिक्कत तो होती ही है, लेकिन हम अपनी तरफ से पूरी व्यवस्था में रहते हैं ट्रैक्टर मालिक का नाम खंगाला जा रहा है। जल्द ही सब कुछ सामने होगा। साथ ही अभी और भी बाकी है।

## एनटीपीसी-विंध्याचल ने चार कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी भावभीनी विदाई

**सिंगरौली, देशबन्धु।** विंध्याचल परियोजना मे दिनांक 28.02.2025 को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 04 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं - श्री रमेश कुमार द्विवेदी, उप प्रबंधक(एडीएम),श्री परशुराम, अभियंता/ एसएलपीएस (एमएम टीएमडी), श्री अकबाल बहादुर सिंह, अभियंता/ एस एल पीएस(प्रचालन) एवं श्री प्रहलाद प्रसाद साहू, प्रचालक (मानव संसाधन) । एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया।



स्वागत की कड़ी में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री संजीब कुमार साहा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/ एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री संजीब कुमार साहा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री संजीब कुमार साहा एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा श्री फल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मे उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण-पत्र आदि भी प्रदान किया गया । तत्पश्चात सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने बारी-बारी से एनटीपीसी से जुड़ी अपनी यादों को साझा किया। सभी नें एनटीपीसी में बिताए समय को अविस्मरणीय कहा ।

उन्होने कहा कि उनकी पहचान एनटीपीसी के कारण ही बनी है और वे अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। इसी के साथ सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने सभी सहकर्मियों को उनके सहयोग एवं सानिध्य के लिए विशेष तौर से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोशिएशन के प्रतिनिधिगण, सेवानिवृत होने वाले विभाग के कर्मचारीगणों के साथ-साथ एवं उनके परिवार जन भी उपस्थित रहे। अभिनंदन समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबन्धक(मानव संसाधन) पुर्णिमा चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

## कृषि मंत्री पहुंचे उमरिया, कहा, मोटे अनाज पर दिया जाएगा विशेष ध्यान

**उमरिया, देशबन्धु।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान उमरिया पहुंचे। जहां, प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल के भी उमरिया में होने की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने हवाई पट्टी पर उनसे मुलाकात की। इसके बाद राज्यपाल मंगू भाई पटेल जबलपुर के लिए रवाना हो गए। शिवराज सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं सहित कटनी जिले से आए विधायक संदीप जायसवाल, प्रणव पांडे और धीरेंद्र सिंह के साथ जिला अध्यक्ष से मुलाकात की। इसके बाद वे संजय पाठक के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विजयराघवगढ़ के लिए रवाना हो गए।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, आज उमरिया की धरती पर आकर बहुत प्रसन्न हूं। बहुत दिनों बाद आने का मौका मिला। यहां अपने मित्रों और प्रियजनों से मुलाकात हुई। यही अपना परिवार है, सबसे मिलकर बड़ी खुशी हुई। उन्होंने कहा, मैं सिर्फ उमरिया ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए काम कर रहा हूं। मोटे अनाज को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें कोदो और कुटकी प्रमुख हैं।

भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट को लेकर शिवराज सिंह ने कहा, कोई कुछ भी कहे, यह एक सफलतम कार्यक्रम था। अब प्रदेश कांग्रेस के समय का बीमारू राज्य नहीं रहा। मध्य प्रदेश अब विकसित राज्यों की श्रेणी में आ रहा है और निवेशक बड़ी संख्या में यहां आ रहे हैं।

धान के भुगतान के सवाल को टाला-केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह से किसानों को धान बिक्री का भुगतान न मिलने के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने इस पर कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया और आगे बढ़ गए। गौरतलब है कि किसानों द्वारा उपार्जन केंद्रों में बेचे गए धान का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। इस मुद्दे पर जिला कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री तक कुछ भी कहने से बच रहे हैं। किसान भुगतान के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं और उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।